Bharat Temples

मीठी-मीठी मेरे सांवरे की

मीठी-मीठी मेरे सांवरे की....
मीठी-मीठी मेरे सांवरे की मुरली बाजै.... मीठी मुरली बाजै....
होकर श्याम की दीवानी राधा-रानी नाचै ॥,
मीठी-मीठी मेरे सांवरे की मुरली बाजै.... प्यारी बंसी बाजै....
होकर श्याम की दीवानी राधा-रानी नाचै ॥,

छोटो सो कन्हैयों मेरो बांशुरी बजावै ॥,
यमुना की नारी देखो रास-रचावै,
पकड़ी राधे जी की बईयां....
पकड़ी राधे जी की बईयां, देखो घुमर-घाले,
हो... देखो घुमर-घाले,
होकर श्याम की दीवानी राधा-रानी नाचै ॥,
मीठी-मीठी मेरे सांवरे की मुरली बाजै... प्यारी बंसी बाजै...
होकर श्याम की दीवानी राधा-रानी नाचै ॥,

छम-छम बाजे देखो राधे की पैजनियाँ ॥,
नाचे रे कन्हैयों मेरो छोड़ के मुरलियां ॥,
राधे संग में नैन लड़ावे....
राधे संग में नैन लड़ावे, नाचै सागे-सागे,
हो... नाचै सागे-सागे,
होकर श्याम की दीवानी राधा-रानी नाचै ॥,
मीठी-मीठी मेरे सांवरे की मुरली बाजै... प्यारी बंसी बाजै...

होकर श्याम की दीवानी राधा-रानी नाचै ॥,

प्यारी-प्यारी लागे देखो जोड़ी राधे-श्याम की ॥,
शान है या जान है या देखो सारे गाँव की ॥,
राधे-श्याम की जोड़ी ने....
राधे-श्याम की जोड़ी ने, हिबड़े माहि राखै,
हो... हिबड़े माहि राखै,
होकर श्याम की दीवानी राधा-रानी नाचै ॥,
मीठी-मीठी मेरे सांवरे की मुरली बाजै... प्यारी बंसी बाजै...
होकर श्याम की दीवानी राधा-रानी नाचै ॥

बाजे रे मुरलियां देखो बाजे रे पैजनियाँ ॥,
भगतां ने बनाले तेरे गाँव की गुजरियां ॥
हो करदे बनवारी यों काम....
हां करदे बनवारी यों काम, तेरो कांई लागै,
हो... तेरो कांई लागै,
होकर श्याम की दीवानी राधा-रानी नाचै ॥,
मीठी-मीठी मेरे सांवरे की मुरली बाजै... प्यारी बंसी बाजै...
होकर श्याम की दीवानी राधा-रानी नाचै ॥

Source:
https://www.bharattemples.com/mithi-mithi-mere-sanware-ki-mithi-mithi-mere-sanware-murali-bajaye/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw